# कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली।

## प्रेस विज्ञप्ति

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली में मध्यस्थ अधिवक्ता के रुप में नामित किये जाने हेतु ऐसे सभी सम्मानित अधिवक्ता जिनका न्यूनतम दस(10) वर्ष का व्यवसायिक अनुभव हो तथा मध्यस्थता में रुचि हो, से आवेदन आंमत्रित किये जाते है। मध्यस्थ अधिवक्ता के रुप में कार्य करने के इच्छुक सम्मानित अधिवक्ता दिनांक 06.09.2025 को सायं 05.00 बजे तक व्यक्तिगत रुप से निर्धारित प्रारुप में आवेदन पत्र समस्त प्रपत्रों के साथ कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में जमा करना सुनिश्चित करें। अन्तिम तिथि व समय के पश्चात आवेदन प्राधिकरण में प्राप्त नहीं किये जाएगे।

विज्ञप्ति की सूचना जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जनपद न्यायालय रायबरेली, कलेक्ट्रेट के नोटिस बोर्ड पर चस्पा किया जाए।

दिनांकः-30.08.2025
संलग्नकः- आवेदन पत्र का निर्धारित प्रारुप।

अपर जिला जज/सचिव
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण
रायबरेली।

प्रतिलिपिः-

1. सम्मानित अध्यक्ष, सेन्ट्रल बार एसोसिएशन रायबरेली को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि समस्त सम्मानित अधिवक्तागण को सूचित कराने व विज्ञप्ति की एक प्रति बार के नोटिस बोर्ड पर चस्पा कराये जाने का कष्ट करें।
2. सम्मानित अध्यक्ष, डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन रायबरेली इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि समस्त सम्मानित अधिवक्तागण को सूचित कराने व विज्ञप्ति की एक प्रति बार के नोटिस बोर्ड पर चस्पा कराये जाने का कष्ट करें।
3. सम्मानित अध्यक्ष, कलेक्ट्रेट बार एसोसिएशन रायबरेली को इस अनुरोध के साथ प्रेषित की समस्त सम्मानित अधिवक्तागण को सूचित कराने व विज्ञप्ति की एक प्रति बार के नोटिस बोर्ड पर चस्पा कराये जाने का कष्ट करें।
4. सिस्टम आफिसर जनपद न्यायालय रायबरेली को इस आशय से प्रेषित की उक्त विज्ञप्ति को जनपद न्यायालय की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कराने का कष्ट करें।

दिनांकः-30.08.2025

अपर जिला जज/सचिव
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण
रायबरेली।

अपर जिला जज/सचिव
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण
रायबरेली

# जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली।

## मध्यस्थ पैनल में सम्मिलित किये जाने हेतु आवेदन पत्र

| | | |
|---|---|---|
| 1. | आवेदक का नाम | |
| 2. | पिता का नाम | |
| 3. | पता | |
| 4. | दूरभाष/मो0 नं0- | |
| 5. | ई0मेल आई0डी0 | |
| 6. | शैक्षणिक अर्हताएँ | |
| 7. | व्यावसायिक अर्हताएं और अनुभव | |
| 8. | मध्यस्थता में विशेष अर्हता या अनुभव, यदि कोई हो | |
| 9. | बार काउंसिल नामांकन संख्या/सी0ओ0पी0 नं0 और दिनांकः(केवल अधिवक्ताओं के लिए लागू) | |
| 10. | क्या आपके विरुद्ध किसी न्यायालय में कोई आरोप पत्र प्रस्तुत किया गया है? | |
| 11. | क्या आपको किसी नौतिक अधमता से अन्तर्वलित अपराध के लिए न्यायालय द्वारा दोष सिद्ध किया गया है? | |
| 12. | क्या आपको दिवालिया न्यायनिर्णीत किया गया है या विकृतचित्त का होना घोषित किया गया है? | |
| 13. | क्या आपके विरुद्ध अनुशासनिक प्राधिकारी द्वारा कोई आनुशासनिक कार्यवाहियाँ प्रारम्भ की गयी है, या क्या आपको ऐसी अनुशासनिक कार्यवाहियों में दण्डित किया गया है? | |

## घोषणा

मैं.....एतदद्वारा निवेदन करता हूँ कि न्यायालय में मध्यस्थ के रुप में पैनल में रखे जाने हेतु इच्छुक हूँ और उ0प्र0 सिविल प्रक्रिया(जिला न्यायालय) मध्यस्थता नियमावली, 2021 के नियम 3 के अधीन पैनल में रखे जाने के लिए अपनी सहमति देता हूँ। यह आश्वासन देता हूँ कि मध्यस्थ के रुप में अपने कार्यकाल के दौरान, मैं अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने के दौरान उक्त नियमावली के नियम 22 में यथा विहित आचारों का अनुसरण करुँगा। मैं, भारत के उच्चतम न्यायालय की मध्यस्थता और सुलह परियोजना समिति द्वारा यथा विहित मध्यस्थ प्रशिक्षण ग्रहण करने का वचन भी देता हूँ। मैं घोषणा करता हूँ कि उपरोक्त प्रस्तुत सूचना में सर्वोत्तम जानकारी के अनुसार सत्य है और कुछ भी छिपाया नहीं गया है।

दिनांकः-

आवेदक के पूर्ण हस्ताक्षर